**राजस्व उप निरीक्षक,(पटवारी) एवं (लेखपाल) की लिखित परीक्षा हेतु निम्नवत् पाठ्यक्रम निर्धारित है:-**

1– सामान्य विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, इण्टरनेट, भारत का इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन, भारतीय राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, भारत का भूगोल एवं जनांकिकी, लोक प्रशासन, उत्तराखण्ड का भूगोल एवं जनांकिकी, उत्तराखण्ड का आर्थिक, राजनीतिक व प्रशासनिक परिवेश, उत्तराखण्ड के आर्थिक व प्राकृतिक संसाधन, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिक घटनायें, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कीड़ा एवं खेल–कूद से संबंधित प्रश्न, उत्तराखण्ड राज्य का इतिहास, ऐतिहासिक, पौराणिक एवं पुरातत्व से संबंधित स्थल, पर्यटन एवं धार्मिक स्थल एवं घटनायें, लोक साहित्य, परम्परायें, रीति–रिवाज, वेश भूषा, मेले एवं त्यौहार, लोक गायन, लोक नृत्य, वाद्य यंत्र आदि। (100 प्रश्न)

2– सामान्य बुद्धिमता से संबंधित शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न होंगे, उसमें सादृश्यों, समानताओं तथा अन्तरों स्थानिक कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय लेना दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, सम्बन्ध अवधारण, श्रृखला, अंकगणितीय गणना, सांख्यिकीय आलेखों एवं रेखाचित्रों के रूप में प्रस्तुत सूचना से निष्कर्ष निकालना व उनका निर्वचन करना तथा अन्य विश्लेषण कार्य से संबंधित प्रश्न आदि। (50 प्रश्न)

3– प्रदेश की प्रचलित भाषायें व बोलियों से संबंधित शब्दावली, हिन्दी भाषा के मुहावरे, वर्तनी, लोकोक्तियां, विलोम, अनेकार्थक, पर्यायवाची, उपसर्ग, प्रत्यय, सन्धि विग्रह, अलंकार, समास, प्रशासनिक एवं विधिक शब्दावली। (50 प्रश्न)

**नोट:– उक्त वस्तुनिष्ठ 200 प्रश्नों के उत्तर दिये जाने हेतु अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु 3:00 घण्ट का समय निर्धारित किया गया है।**